# चित्रकूट-पुलिस

**(1).“मिशन शक्ति फेज- 5.0” महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा”**
**दिनांक-04.10.2025**
**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”**
**थाना बरगढ़ पुलिस टीम द्वारा जमीरा कॉलोनी बरगढ़ में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया**

**“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में थाना बरगढ़ पुलिस टीम उ0नि0 कृष्ण कुमार , मुख्य आरक्षी आदित्य,मुख्य महिला आरक्षी परवीन, महिला आरक्षी पारुल द्वारा जमीरा कॉलोनी बरगढ़ में जनचौपाल लगाकर“मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

**इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-**

**1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।**

**2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।**

**3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।**

**महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ**
**1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**
**1090 – वीमेन पावर लाइन**
**181 – वीमेन हेल्पलाइन**
**112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**
**102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस**
**108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा**
**1098 – चाइल्ड लाइन**
**101 – अग्निशमन सेवा**
**1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।**

**इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का**

निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनाँक 04.10.2025 को अपर जिलाधिकारी श्री उमेशचंद्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मानिकपुर में किया गया। अपर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

महोदय द्वारा कहा गया कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

▶ आवेदिका श्रीमती आरती पुत्री रविशंकर निवासी इटवां थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति राकेश पुत्र सुन्दरलाल निवासी वघौडा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट व ससुरालीजन द्वारा प्रार्थिया के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग,गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना करने के सम्बन्ध में दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र कार्य़वाहक प्रभारी महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह,महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी,महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना न करने,पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह
2.महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी
3.महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव

(4). प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस
थाना पहाड़ी पुलिस टीम ने 01 वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्री अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह व उनकी टीम द्वारा मु0अ0स0 29/19 धारा 393 भादवि के वारंटी अभियुक्त राममिलन पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम कलवारा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह
2.मुख्य आऱक्षी सौरभ कुमार

(5).साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजन आज दिनांक 04.10.2025 को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आमजन,छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव हेतु जानकारी दी गयी जिसमें बचाव के प्रमुख बिन्दु निम्न है- 1.किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नम्बर व पिन नम्बर सी0वी0वी0 तथा ओटीवी नम्बर,एस0एम0एस0 न बताये। 2.एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करे व किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें । 3.अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन,ई-मेल,एस0एम0एस0 फेसबुक,व्हाट्सएप पर कभी भी न दें। 4.आधार कार्ड,पैन कार्ड,राशन कार्ड,नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें । 5.बोनस प्वाइंट,रिवार्ड प्वाइंट,कैशबैक,के0बी0सी0 आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। 6.किसी प्रकार का रिमोट एप्स जैसे टीमविवर,ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करें। 7. कम समय में पैसा डबल करने,क्रिप्टो में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा रिटर्न मिलने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आयें। 8. फेसबुक,इस्टाग्राम,ब्लॉग,ट्विटर चैट रूम आदि जैसे किसी भी ऑनलाइन प्लेटफार्म सोशल नेटवर्किंग साइटस पर अपनी निजी जानकारी जैसे घर का पता,फोन नम्बर,जन्मतिथि और जन्म स्थान आदि तथा वर्तमान लोकेशन कभी भी शेयर न करें। 9. पुलिस/साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर आपके बच्चे के द्वारा बलात्कार,किडनैपिंग का केस बता कर या आपके द्वारा पोर्न विडियों देखने का आरोप लगाकर आपसे पैसे की मांग की जाये तो बिलकुल न घबराये, और न ही कोई पैसे भेजें। 10.साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं0 1930 पर तुरन्त कॉल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और www.cybercrime.gov.in पर भी रिपोर्ट करने हेतु बताया गया।

प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस

कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने ड्यूटी में बाधा उत्पन्न करने वाले,गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से हत्या का प्रयास करने वाले 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने ड्यूटी में बाधा उत्पन्न करने वाले,गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से हत्या का प्रयास करने वाले 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.10.2025 को आरक्षी आशीष कुमार की ड्यूटी नव दुर्गा प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब के पास लगी थी कि 6.00 बजे शाम ग्राम रजौला चकभूपत की मूर्ति विसर्जन हेतु तालाब के पास आयी । जिसमें लोग आम रास्ता पर लेटकर डांस कर रहे थे तभी पीछे मूर्ति विसर्जन के लिए आयी और कहा कि भइया आगे बढ़ाओं या हमलोगों को मूर्ति विसर्जन हेतु साइड दो ताकि हम अपनी मूर्ति विसर्जन कर सकें। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में गाली –गलौज करते हुए मारपीट करने लगे जिससे राहुल तिवारी के सिर में चोट आयी व सर फट गया एवं मौके पर बेहोश होकर गिर गया । कुछ लोग आरक्षी आशीष कुमार के पास जाकर घटना के बारे में बताये तभी आरक्षी तालाब के पास बन्धे के नीचे मेन सड़क पर आया तो देखा कि राहुल तिवारी बेहोश पड़ा था। तभी कुछ लोगों ने पानी का छिटा मारा तो होश में आया और अपना नाम पता बताया। तब आरक्षी आशीष कुमार द्वारा रजौला की मूर्ति विसर्जन करने आये लोगों से आग्रह करने लगा कि अपनी मूर्ति को आगे बड़ा दो ताकि पीछे वाली मूर्तिया भी विसर्जित हो सकें। इसी बात को लेकर अनसुइया प्रसाद पटेल,अंकित पटेल,अनुराग पटेल,संजय कोटार्य,चन्द्रपाल कोटार्य,शिवा पटेल,मनीष,मधुसूदन,ओमप्रकाश यादव व 10 अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत आरक्षी आशीष कुमार का गला दबाते हुए जमीन पर पकट दिये व ताल घूंसो से मारा पीटा जिससे आरक्षी के शरीर में चाटे आयी साथ ही साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे कि शोर शराबा सुनकर तालाब पर लगा अन्य पुलिस बल उ0नि0 श्री राजेश कुमार चौरसिया व आरक्षी अमर सिंह मौके पर आ गये। उन्होने आरक्षी को बचाया व घटना में मारपीट करने वाले दो लोगो को मौके पर पकड़ लिया गया एवं अन्य लोग मौके से भाग गये। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम 1.अनुसुइया प्रसाद पटेल पुत्र सुन्दरलाल पटेल 2.शिवा पटेल पुत्र दिनेश कुमार पटेल निवासीगण रजौला चकभूपत थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट बताया । सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 623/2025 धारा 191(2),109,115(2),121(1),132,352,351(3) बीएनएस बनाम 1.अनुसुइया प्रसाद पटेल पुत्र सुन्दरलाल पटेल 2.शिवा पटेल पुत्र दिनेश कुमार पटेल 3.अंकित पटेल पुत्र अज्ञात 4.अनुराग पटेल पुत्र अज्ञात 5.संजय कोटार्य पुत्र अज्ञात 6.चन्द्रपाल कोटार्य पुत्र अज्ञात 7.मनीष पुत्र अज्ञात 8.मधुसूदन पुत्र अज्ञात 9.ओमप्रकाश यादव पुत्र अज्ञात निवासीगण रजौला चकभूपत थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट। 10. अन्य 10 अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया।

आज दिनांक 04.10.2025 को उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह उ0नि0 राजेश कुमार चौरसिया,आरक्षी अभिषेक प्रताप,आरक्षी अमर सिंह,महिला आरक्षी सीमा पाल,आरक्षी शिवम मिश्रा,आरक्षी आशीष कुमार सिंह,आरक्षी रविन्द्र कुमार व आरक्षी लल्लू द्वारा मुखविर की सूचना पर 1. संजय कोटार्य पुत्र लोटन 2.अंकित पटेल पुत्र रामभगन 3.मधुसूदन पुत्र भगन 4.चन्द्रपाल कोटार्य पुत्र शिवप्रसाद 5.ओमप्रकाश यादव पुत्र देशराज 6.अनुसुइया प्रसाद पटेल पुत्र सुन्दरलाल पटेल 7.शिवा पटेल पुत्र दिनेश कुमार पटेल निवासीगण ग्राम रजौला चकभूपत को ग्राम रजौला से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली कोतवाली कर्वी की टीम-

1.उ0नि0 रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग
2.उ0नि0 राजेश कुमार चौरसिया
3.आरक्षी अभिषेक प्रताप
4.आरक्षी अमर सिंह
5.महिला आरक्षी सीमा पाल
6.आरक्षी शिवम मिश्रा
7.आरक्षी आशीष कुमार सिंह
8.आरक्षी रविन्द्र कुमार
9.आरक्षी लल्लू